**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-4536**
**दिनांक 28 मार्च, 2023 के लिए प्रश्न**

**पीएम गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान**

4536. श्री चंद्र शेखर साहू:
श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:
श्री राहुल रमेश शेवाले:
डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विभाग की विभिन्न अवसंरचनाओं को प्रधानमंत्री गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएम-जीएसएनएमपी) के साथ एकीकृत करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विशेषकर ओडिशा में पीएम-गति शक्ति एनएमपी के साथ एकीकृत की गई प्रजाति सुधार संस्थाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है;
(घ) विभिन्न राज्यों की उन अन्य संस्थाओं का ब्यौरा क्या है, जो पीएम-जीएसएनएमपी के साथ एकीकरण की प्रक्रिया में हैं और इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है;
(ङ) क्या देश में पीएम-जीएसएनएमपी डिजिटल प्लेटफार्म की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सभी पशु चिकित्सा औषधालयों, दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों, शीतलन केन्द्रों और अवसंरचना परियोजनाओं को एकीकृत करने की विशेषकर ओडिशा में कोई राज्य-वार योजना है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) और (ख) जी हां। पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने पीएम गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएम जीएसएनएमपी) के साथ विभाग की विभिन्न अवसंरचनाओं के एकीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आज की तारीख के अनुसार, पशुपालन और डेयरी विभाग ने देश के विभिन्न स्थानों पर अपने प्रबंधन के अधीन 12 नस्ल सुधार संस्थानों (7 केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, 4 केंद्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना और केंद्रीय हिमित वीर्य उत्पादन और प्रशिक्षण संस्थान), 8 क्षेत्रीय चारा केन्द्रों, 6 पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवाओं, 4 केंद्रीय कुक्कुट विकास संगठनों, दिल्ली दुग्ध योजना, केंद्रीय भेड़ प्रजनन फार्म, केंद्रीय कुक्कुट निष्पादन परीक्षण केंद्र और चौधरी चरण सिंह-राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (सीसीएस-एनआईएएच) को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत कर दिया है।

(ग) पीएम गति शक्ति एनएमपी के साथ एकीकृत नस्ल सुधार संस्थानों का राज्य-वार विवरण निम्निलिखित है;

| **क्र.सं** | **राज्य** | **संस्थान का नाम और पता** |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, अंदेशनगर, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश- 261506 |
| 2. | तमिलनाडु | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, अलमादी, चेन्नई - 600052, तमिलनाडु |
| 3. | ओडिशा | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म चिपलिमा, बसंतपुर जिला-संबलपुर, ओडिशा - 768025 |
| | | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, सुनाबेड़ा ओडिशा 763002 |
| 4. | गुजरात | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म धामरोड, सूरत, गुजरात 394125 |
| | | केंद्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना, गिरधरनगर असरवा, अहमदाबाद, गुजरात- 380004 |
| 5. | कर्नाटक | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, हेसरघट्टा, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560088 |
| | | केंद्रीय हिमित वीर्य उत्पादन और प्रशिक्षण संस्थान, हेसरघट्टा, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560088 |
| 6. | राजस्थान | केंद्रीय गोपशु प्रजनन फार्म, सूरतगढ़, श्री गंगानगर, राजस्थान - 335804 |
| | | केंद्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना, शास्त्री नगर, अजमेर, राजस्थान- 305001 |
| 7. | हरियाणा | केंद्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना, रोहतक, हरियाणा - 124001 |
| 8. | आंध्र प्रदेश | केंद्रीय पशुयूथ पंजीकरण योजना, संथापेटा, ओंगोल, आंध्र प्रदेश- 523001 |

(घ) विभिन्न राज्यों में पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार के अन्य संस्थाओं का विवरण जिन्हें पीएम-जीएसएनएमपी के साथ एकीकृत किया गया है, **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ) और (च) जी हां, यह विभाग विभिन्न हितधारकों के परामर्श से इस विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत सभी पशु चिकित्सा औषधालयों, दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों, प्रशीतन केंद्रों और अवसंरचना परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति एनएमपी डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहा है।

*******

अनुबंध

दिनांक 28.03.2023 को उत्तर दिये जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न 4536 के भाग (घ) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्थान का नाम और पता |
|---|---|---|
| 1 | चंडीगढ़ | केंद्रीय कुक्कुट विकास संगठन (उत्तरी क्षेत्र) चंडीगढ़, औद्योगिक क्षेत्र, फेज- I, चंडीगढ़ -160002 |
| 2 | दिल्ली | पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवा (एक्यूसीएस),<br>दिल्ली गुड़गांव रोड, कापसहेड़ा (क्रॉसिंग), दिल्ली -110037 |
| | | दिल्ली दुग्ध योजना (डीएमएस)<br>वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली -110008 |
| 3 | गुजरात | क्षेत्रीय चारा केंद्र, धामरोड<br>तालुक: मांगरोल, जिला सूरत, गुजरात - 394125 |
| 4 | हरियाणा | केंद्रीय भेड़ प्रजनन फार्म, हिसार<br>निदेशक का कार्यालय, केंद्रीय भेड़ प्रजनन फार्म, पोस्ट बॉक्स नंबर 10, हिसार (हरियाणा) |
| | | केंद्रीय कुक्कुट निष्पादन परीक्षण केंद्र, गुरुग्राम<br>पता: नरसिंहपुर, सेक्टर -35, गुरुग्राम -122004, हरियाणा |
| | | क्षेत्रीय चारा केंद्र, हिसार<br>डाकघर : टेक्सटाइल मिल्स हिसार 125001 (हरियाणा) |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | क्षेत्रीय चारा केंद्र, श्रीनगर<br>शुहामा, अलस्टेंग, गांदरबल, श्रीनगर-190006 (जम्मू और कश्मीर) |
| 6 | कर्नाटक | क्षेत्रीय चारा केंद्र, हेसरघट्टा<br>हेसरघट्टा बेंगलूरु, राज्य कर्नाटक 560088 |
| | | पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवाएं, अल्फा 3ए, केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, देवनहल्ली, बेंगलुरु, कर्नाटक-560300 |
| | | केंद्रीय कुक्कुट विकास संगठन एवं प्रशिक्षण संस्थान<br>सीपीडीओटीआई, हेसरघट्टा, बेंगलूरु, कर्नाटक, 560088 |
| 7 | महाराष्ट्र | पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवा (एक्यूसीएस), मुंबई<br>केंद्र, सेक्टर-11, कोपर खैरने, नई मुंबई-400709 |
| | | केंद्रीय कुक्कुट विकास संगठन (पश्चिमी क्षेत्र) मुंबई<br>आरे मिल्क कॉलोनी गोरेगांव ईस्ट मुंबई- 400065 महाराष्ट्र |
| 8 | ओडिशा | केंद्रीय कुक्कुट विकास संगठन (पूर्वी क्षेत्र), कटक<br>केंद्रीय कुक्कुट विकास संगठन (पूर्वी क्षेत्र), तलगड़ा, नरज, कटक- 754006 ओडिशा |
| 9 | राजस्थान | क्षेत्रीय चारा केंद्र, पोस्ट- भगवानसर, तहसील- सूरतगढ़, जिला- श्री गंगानगर (राजस्थान)-335 804 |
| 10 | तमिलनाडु | पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवाएं (दक्षिण क्षेत्र), नंबर 115 वेलाचेरी मेन रोड, पल्लीकरनई चेन्नई -600100 तमिलनाडु |
| | | क्षेत्रीय चारा केंद्र, चेन्नई, अलमादी, एडपलायम-पोस्ट, वाया-रेडहिल्स, चेन्नई-600052 |
| 11 | तेलंगाना | क्षेत्रीय चारा केंद्र, हैदराबाद, पीओ-रविराला, वाया रगन्नागुडा, 'एक्स' रोड, जिला-रंगा रेड्डी, टीएस-501510 |
| | | पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवा (एक्यूसीएस), हैदराबाद, मेजेनाइन फ्लोर, ब्लॉक-ए, कार्गो सैटेलाइट बिल्डिंग, आरजीआईए, शमशाबाद, हैदराबाद -501128 |
| 12 | उत्तर प्रदेश | चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान, बागपत-250 609, जिला-बागपत, उत्तर प्रदेश |
| 13 | पश्चिम बंगाल | पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवा, पीओ +पीएस नारायणपुर, जिला उत्तर 24 परगना, कोलकाता पश्चिम बंगाल -700136 |
| | | क्षेत्रीय चारा केंद्र, कल्याणी, डाकघर - नेताजी सुभाष सैनेटोरियम, जिला - नदिया - 741251 पश्चिम बंगाल |